तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026



11 वार्ड के सरकारी सीसी रोड पर कराया जा रहा था बोर खनन



12 भक्त माता कर्मा जयंती पर आस्था का सैलाब, मां कर्मा की जय ...






## खबर संक्षेप



### पीपल के पत्तों पर कर्मा माता की सुंदर आकृति उकेरी

**नगरी।** कर्मा जयंती के पावन अवसर पर पीपल के पत्तों पर कर्मा माता की सुंदर आकृति उकेरी गई है। यह अद्भुत कला साहू समाज के आराध्य देवी के भक्त एवं शिरोमणि लीफ आर्टिस्ट विकास शांडिल्य द्वारा बनाई गई है। विकास शांडिल्य ग्राम मोदे, नगरी के निवासी हैं और वे पीपल के पत्तों पर बारीक नक्काशी कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आकृतियाँ बनाने के लिए जाने जाते हैं। कर्मा जयंती के अवसर पर बनाई गई यह अनोखी लीफ आर्ट श्रद्धा और कला का सुंदर संगम प्रस्तुत करती है, जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

### जरही माता मंदिर में ज्योति कलश पंजीयन शुरू

**धमतरी।** ग्राम सांकरा स्थित प्रसिद्ध जरही माता मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रज्वलित किए जाने वाले ज्योति कलश के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति के अनुसार तेल ज्योति कलश के लिए 801 रुपये और घी ज्योति कलश के लिए 1801 रुपये की पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक श्रद्धालु 18 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। भक्तजन दीपचंद साहू से संपर्क कर राशि जमा कर सकते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, अखंड ज्योति और विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

### महारोजगार मेला अब 20 मार्च को

**धमतरी।** जिले के विभिन्न व्यवसायिक केन्द्रों, युवा कार्यक्रमों एवं विभिन्न सेक्टरों में कौशल प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध के लिए अब 20 मार्च को महारोजगार मेला का आयोजन लाइवलीहुड कॉलेज धमतरी में किया जाएगा। गौरतलब है कि यह महारोजगार मेला पूर्व में 13 मार्च को लगने वाला था, जो अब 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### सोने चांदी के जेवर सहित एक लाख रुपए नगद उड़ा ले गए चोर



**धमतरी।** सोरिद वार्ड में अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर एक लाख रुपए नगद सहित सोने चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना को शातिराना तरीके से अंजाम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोरिद वार्ड के साहू बंगला के पीछे योगेश्वरी मगेंद्र का मकान और दुकान एक साथ है। वे शनिवार को रिश्तेदार की शादी में बाहर गए थे। मकान के सूनेपन का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोला। पहले उन्होंने मेनस्वीच ऑफ करके लाइट और कैमरा बंद कर दिया। इसके बाद घर में इत्मीनान से चोरी की घटना को अंजाम दिया। रविवार सुबह जब मकान मालिक परिवार सहित घर लौटे तब उन्हें इसकी जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने सूचना कोलवाली पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गंगरेल में नौकायन प्रतियोगिता से मछुआरा समितियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में पहली बार गंगरेल में नौकायन उत्सव का आयोजन से मछुआरा समितियों में उत्साह का माहौल है। जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन समिति द्वारा आयोजित महानदी रिवर बोट चैम्पियनशिप में भाग लेने दर्जनभर से अधिक टीम ने पंजीयन करा लिया है। इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना है। 19 मार्च तक पंजीयन होगी। 20 मार्च को प्रतिभागी टीमों का रिहर्सल तथा 22 मार्च को प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

उरपुटी मछुआरा सोसायटी के सचिव जोहतराम निषाद ने बताया कि गंगरेल बांध के अंतर्गत 10 मछुआरा सोसायटी संचालित है। इन सोसायटियों में 230 नाव है। नौकायन चैम्पियनशिप में बरबांधा, पटौद, अरौद, देवीनवागांव, उरपुटी, कांदरी के 15 टीमें पंजीयन करा चुके है। पंजीयन के अंतिम समय तक 50 से 60 टीमों के भाग लेने की संभावना है। श्री निषाद बताते हैं कि नौकायन प्रतियोगिता की खबर से मछुआरा समितियों में भारी उत्साह है। कुछ टीम प्रतियोगिता में अव्वल आने अभी से अभ्यास कर रहे है।

## पंद्रह टीमों ने कराया पंजीयन, एक लाख का इनाम पाने अभ्यास में जुटे प्रतिभागी



### एक किमी का होगा नौकायन प्रतियोगिता

नौकायन उत्सव का मैनेजमेंट देख रहे मुकेश राघव ने बताया कि यह प्रतियोगिता मछुआरा सोसायटियों के पास मौजूद लकड़ी के नाव से होगी। एक नाम में दो प्रतिभागी रहेंगे। सिर्फ लकड़ी के पतवार से नाव का चलाना होगा। 20 मार्च को रिहर्सल होगी। रिहर्सल के दौरान नाव की जांच होगी कि वह चलने लायक है या नहीं। नाव ओके होने पर नंबर पेंट किया जाएगा। एक किमी की रनिंग होगी। वाटर स्पोर्ट्स स्थल से टीम सामने टापू के पास नौकायन के लिए फ्लूटिंग लगाया जाएगा। टापू से वाटर स्पोर्ट्स की ओर नौकायन प्रतियोगिता होगी। एक बार में करीब 60 नाव प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इससे अधिक होने पर प्रतियोगिता दो बार में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक तथा 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भाग ले सकेंगे। चैम्पियनशिप में पहला इनाम 1 लाख, दूसरा इनाम 30 हजार, तीसरा इनाम 25 हजार रुपया रखा गया है। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार में बोट सजावट 11 हजार तथा वेशभूषा में अव्वल आने वाले को 11 हजार रुपया मिलेगा।

### एक लाख इनाम पाने का टारगेट

मछुआरा समिति के युवा रामसिंग, सोनसाय बताते हैं कि प्रशासन के इस ⏩ शेष पेज 12 पर

## होटल, ढाबों से लेकर चौपाटी तक नजर आया लाल सिलेंडर

# व्यावसायिक संस्थानों में घरेलू गैस का उपयोग


**केस 1**

रायपुर रोड स्थित एक मोमोस सेंटर, बस स्टैंड के एक दाबेली सेंटर में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। एक ने इसे बोरे में ढंक कर रखा था, तो दूसरे ने ठेले के नीचे छिपा कर रखा था।



**केस 2**

चौपाटी के कुछ दुकानों में खुलेआम घरेलू लाल सिलेडर का उपयोग किया जा रहा है। एक दो सेंटर में इसे छिपा कर रख गया है। यही नहीं शहर के कई होटलों में भी धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

व्यवसायिक सिलेंडरों की सप्लाई नहीं मिलने पर होटल, ढाबा से लेकर चाट, गुपचुप, मोमोस सेंटरों में घरेलू लाल गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। अब तक प्रशासन ने ऐसे मामलों में कड़ाई से कार्रवाई शुरू नहीं की है, जिसके चलते इस गड़बड़ी पर लगाम नहीं लग रहा है।

पूरे देश में एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित है। जिले में इसका सबसे ज्यादा असर व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई पर पड़ा है। शासन-प्रशासन के निर्देश पर जिले के गैस एजेंसियों ने व्यावसायिक सिलेंडरों की सप्लाई ही बंद कर दी है। ऐसे में होटल, ढाबा सहित ठेला, रेहड़ी, खोमचा आदि स्थानों में ईंधन संकट पैदा हो गया है। कई संस्थाएं तो बंद हो गई है, कुछ बंद होने की स्थिति में हैं। वहीं अधिकांश होटल, ढाबा, ठेला, रेहड़ी, खोमचा में व्यावसायिक सिलेंडर की जगह पर घरेलू लाल गैस सिलेंडर का उपयोग शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों पर चोरी छिपे तो कुछ जगहों पर खुलेआम इन सिलेंडरों का उपयोग हो रहा है। उधर इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई भी चल रही है। उल्लेखनीय है कि घरेलू सिलेंडर की रिफिलिंग सस्ते में हो जाती है। कुछ खाद्य संस्थाएं ऐसी हैं, जहां पर गैस संकट शुरू होने से पहले से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है।

### ब्लैक मार्केटिंग की आशंका

गैस की किल्लत के चलते इसके ब्लैक मार्केटिंग की आशंका भी बढ़ गई है। व्यावसायिक संस्थाओं में गैस की खपत ज्यादा होती है। ऐसे में एक कनेक्शन से आपूर्ति संभव नहीं है। आशंका है कि व्यवसायी ब्लैक में घरेलू गैस खरीदकर उपयोग कर रहे होंगे। गैस की ब्लैक मार्केटिंग कहां से हो रही है यह जांच का विषय है।

## मौसम का मिजाज बदला, तापमान गिरेगा

- 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा के साथ गरज चमक होगी, वज्रपात की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल में मौसम ने करवट ले ली है। रविवार तड़के हल्की बूंदाबांदी के साथ आसमान पर बादल छाये रहे। तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई है। आगामी दिनों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

धमतरी में रविवार को मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा। बादल छाये रहने से लोगों को तेज धूप से राहत मिली। अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस गिरकर 36 डिग्री सेल्सियस में आ गया है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पूर्व उत्तरप्रदेश के मध्यभाग से होते हुए दक्षिणी अंदरुनी उडीसा तक फैली हुई है। यह छत्तीसगढ़ से गुजरते हुए 0.9 किमी की ऊंचाई पर विस्तारित है। इसके अलावा पश्चिमी विक्षोभ भी मध्य क्षोभ मंडल में लगभग 5.8 किमी की उंचाई पर सक्रिय है। इस मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या गरज चमक के साथ छीटें पड़ सकते है। साथ ही कुछ जगहों पर तेज हवा चलने अंधड़ आने और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ के इलाकों में बारिश की संभावना अधिक है। प्रदेश में आगामी 24 घंटों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। तत्पश्चात 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

# पालीटेक्निक के छात्रों का अलंकरण आज

- योग के माध्यम से वर्क लाइफ बैलेंस, प्रोडक्टविटी बढ़ाने का दिया जाएगा गुरुमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पालीटेक्निक कॉलेज के अलंकरण समारोह में भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान के निदेशक इंडस्ट्री आदि में काम करने के लिए पालीटेक्निक छात्रों को गुरुमंत्र देंगे। यही नहीं योग से वर्क लाइफ, माइंड मैनेजमेंट के तरीके भी सिखाए जाएंगे।

सोमवार को पालीटेक्निक कॉलेज रूद्री में योग एवं उद्योग पर व्याख्यान तथा छात्र छात्राओं का अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा होंगे। अध्यक्षता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के निदेशक राजीव प्रकाश करेंगे। विशिष्ट अतिथि जनजातीय सलाहकार समिति के सदस्य रामनाथ कश्यप होंगे। कार्यक्रम में पालीटेक्निक कॉलेज से पास होने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें कार्यस्थल पर काम करने के लिए गुरुमंत्र दिया जाएगा। कॉलेज लाइफ और वर्क लाइफ में जमीन आसमान का फर्क होता है। अचानक आए इस परिवर्तन को कई छात्र झेल नहीं पाते हैं और काम छोड़ने की नौबत आ जाती है। कई छात्रों को ट्रेनिंग की जरूरत पड़ती है। व्याख्यान के माध्यम से इन छात्रों को वर्क लाइफ बैलेंस करना, योग के माध्यम से स्ट्रेस कम करना, प्रोडक्टविटी बढ़ाने का तरीका बताया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कालेज से पास आउट होने के बाद छात्र कई कम्पनी, इंडस्ट्री में सेवा देंगे। हाल ही में यह कैम्पस इंटरव्यू में बड़ी संख्या में छात्रों का चयन इंडस्ट्री में हुआ है। यह व्याख्यान इन छात्रों के बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।

## तूफान में टेंट का लोहा 11 केवी से टकराया, करंट से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत आमदी के पास स्थित ग्राम कुम्हड़ाकोट भालूकोना में आदिवासी समाज का दो दिवसीय क्षेत्रीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया था। रविवार को सम्मेलन के अंतिम दिन दोपहर के समय अचानक तेज आंधी-तूफान आ गया, जिससे कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए टेंट उखड़ने लगे।

तूफान के दौरान टेंट का लोहे का ढांचा ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। उस समय टेंट के खंभों को पकड़े हुए कुछ युवक करंट की चपेट में आ गए। घटना में दो-तीन लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मोहित मरकाम (20 वर्ष), पिता जोहर मरकाम, निवासी अर्जुनी के रूप में हुई है। अन्य घायल महिला और पुरुष को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई और पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।

सूचना मिलने पर दुगली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया।

## एलपीजी गैस की बढ़ती कीमत और किल्लत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

- नाली से पाइप लगा कर चूल्हा जलाने का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देश में बढ़ती एलपीजी गैस की कीमतों और गैस की किल्लत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर में प्रदर्शन किया गया। पूर्व में सार्वजनिक मंच से प्रधानमंत्री द्वारा पहले यह बयान दिया गया था कि नाली से निकलने वाली गैस से चूल्हा जलाने की तकनीक अपनाई जा सकती है। उनका कहना था कि इस साधारण तकनीक से उत्पन्न गैस से लाखों आम लोगों के घरों में चूल्हा जल सकता है।

लेकिन आज की स्थिति को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य गलत साबित हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जैसे हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये आने और 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही गई थी, उसी तरह नाली की गैस से चूल्हा जलाने की बात भी एक जुमला साबित हुई है।

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वय योगेश शर्मा और गौतम वाधवानी सहित सत्येंद्र देवांगन, कृष्ण मरकाम, उदित नारायण साहू, राकेश मौर्य, तोमेश साहू, अविनाश मरोठे, सूरज पासवान, तरुण राय, नवीन गजेंद्र, अमित बाघमारिया, मोहन ध्रुव, दीपक सोनवानी, शंकर माखीजा, पवन वाधवानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाबालिग के साथ युवक कर रहा था शराब की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्कूटी से शराब की तस्करी करते हुए पुलिस ने एक नाबालिग और एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। उनके पास से प्लेन और मसाला शराब कुल 38 नग और एक स्कूटी जब्त किया गया है।

धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बस्तर रोड सोरिद नगर काली मंदिर के सामने धमतरी से एक स्कूटी जुपीटर क्रमांक सीजी 24 पी 0322 में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर श्यामतरई की ओर जा रहे हैं। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मुखबिर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर स्कूटी को रोका गया। स्कूटी सवार व्यक्ति ने अपना नाम मोहम्मद इमरान उम्र 33 वर्ष निवासी विकास नगर, गुढियारी रायपुर, हाल मुकाम पुरूर ढाबा जिला बालोद बताया। आरोपी के पास रखे सफेद रंग के थैले की तलाशी लेने पर 20 पौवा देशी मसाला शराब एवं स्कूटी की डिक्की में रखे पट्टीदार थैले में 18 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 38 पौवा शराब बरामद हुई, जिसकी कुल कीमत 3440 रुपये है। आरोपी पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## इतवारी बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़, किसानों को उचित दाम नहीं मिलने से चिंता

# हरी सब्जियों के दाम धड़ाम, पत्तेदार भाजी से महका बाजार, रसोई का बजट हुआ हल्का

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के इतवारी बाजार सहित आसपास के सब्जी बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों के दामों में गिरावट देखने को मिल रही है। शादी-ब्याह के सीजन में सब्जियों के सस्ते होने से आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है और बाजारों में खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे लोग बड़ी मात्रा में ताजी हरी सब्जियों की खरीदी कर रहे हैं।

ग्राहकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में हरी और पत्तेदार सब्जियां खाने का स्वाद अलग ही होता है, इसलिए इनके दाम कम होने से रसोई का बजट भी हल्का हो गया है। भिंडी, बरबटी, लौकी, तोरी, भटा, गाजर, टमाटर और पत्ता गोभी जैसी सब्जियों की मांग बाजार में बनी हुई है।

सब्जी विक्रेता रामचरण पटेल और तुकाराम पटेल ने बताया कि पिछले लगभग एक महीने से हरी सब्जियों के दामों में गिरावट आई है, जिसके कारण बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है। वहीं सब्जी उत्पादक किसान कैलाश सोनकर ने बताया कि किसानों ने लाखों रुपए खर्च कर सब्जियों की खेती की है, लेकिन बाजार में उचित कीमत नहीं मिलने से उन्हें निराशा भी हो रही है।



इतवारी बाजार के पसरा व्यवसायी देवकी बाई सोनकर और शांति बाई सोनकर ने बताया कि रविवार को बाजार में भटा 20 रुपये किलो, गाजर 30, बरबटी और भिंडी 40, ग्वारफल्ली 50, टमाटर 10, गोभी 20, कद्दू 20, लौकी 10, तोरी 30, शिमला मिर्च 50 और परवल 60 रुपये किलो बिका। वहीं हरी मिर्च और हरा धनिया 60 रुपये किलो तक बिके।

किराना बाजार में भी कीमतें स्थिर रहीं। आलू 15 रुपये किलो, प्याज 25 रुपये, शक्कर 45 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये, मसूर दाल 90 रुपये और चना दाल 85 रुपये किलो बिकी। अंडे का भाव इस सप्ताह 60 रुपये दर्जन रहा। सस्ती सब्जियों के कारण इन दिनों बाजारों में रौनक बनी हुई है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम के करदाताओं को 100 प्रतिशत छूट मिले

जगदलपुर। नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने विज्ञप्ति जारी कर छत्तीसगढ़ सरकार से मध्यप्रदेश की तर्ज पर नगर निगम के बकाया करदाताओं को 100 प्रतिशत छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आयोजित नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत भोपाल नगर निगम (ईएमएस) द्वारा संपत्तिकर और जलकर के बकायादारों को विशेष शिविर के माध्यम से पूरी छूट देने की पहल की जा रही है, जिससे करदाताओं को बड़ी राहत मिलने की संभावना है। चौधरी ने कहा कि जानकारी के अनुसार भोपाल नगर निगम में पिछले वर्ष करदाताओं की अधिक भीड़ के कारण कई लोगों का भुगतान समय पर नहीं हो पाया था। इस बार करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जोन रजिस्ट्रार कार्यालयों में काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को कर भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी न हो और वे आसानी से अपने बकाया का निपटारा कर सकें।

### हिमालय बाबा का पतंजलि योग परिवार ने किया स्वागत



जगदलपुर। हिमालय क्षेत्र से निकले पूज्य संत हिमालय बाबा का पतंजलि योग परिवार द्वारा स्वागत किया गया। आंध्रप्रदेश के मल्लिकार्जुन से काशी होते हुए रामेश्वरम्‌ और पुनः काशी तक की पदयात्रा पर निकले हिमालय बाबा जब जगदलपुर पहुँचे तो धरमपुरा स्थित शिवानंद आश्रम में उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी,योग साधक और श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचे। हिमालय बाबा के साथ चल रहे सहयोगी राजकुमार ने जानकारी दी कि बाबा पिछले सात माह से निरंतर पदयात्रा कर रहे हैं और अब तक लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष यात्रा भी आगामी सात माह में पूर्ण होने की संभावना है। यात्रा के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर धर्म, सेवा और समाज में सद्भावना का संदेश दे रहे हैं।

### पेंशनर्स महासंघ के संभागीय अध्यक्ष का सम्मान

जगदलपुर। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की प्रांतीय इकाई द्वारा 11 मार्च को रायपुर में होली मिलन कार्यक्रम प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अध्यक्ष आर एन ताटी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस दौरान प्रांतीय इकाई के पदाधिकारियों ने बस्तर में ताटी के नेतृत्व में संगठन द्वारा पेंशनरों के हित में किए जा रहे कार्यों और सक्रिय प्रयासों की सराहना की। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के माध्यम से पेंशनरों की समस्याओं को निरंतर उठाने और उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। कार्यक्रम के दौरान आर एन ताटी को भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाए जाने पर भी प्रांतीय पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गंगरेल में नौकायन प्रतियोगिता से मछुआरा समितियों में उत्साह

आयोजन से वे काफी खुश है। पहला इनाम एक लाख रुपया पाने के लिए वे अभी से अभ्यास करना शुरु कर दिया है। एक लाख रुपया बड़ी रकम है, अगर इस इनाम का लक्ष्य प्राप्त करते हैं तो उनकी आर्थिक स्थिति सुधर जाएगी। उनका कहना है कि इस आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। यह प्रतियोगिता हर वर्ष किया जाना चाहिए।

---

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, कर्मा भवन परिसर में किचन शेड निर्माण का लोकार्पण

# भक्त माता कर्मा की जयंती पर भव्य कलश यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







नगर साहू समाज नगरी द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती एवं वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन रविवार को कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला-पुरुष एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे भक्त माता कर्मा की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई। पूजा के पश्चात नगर साहू समाज के तत्वावधान में नगर में भव्य कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई। रैली में छोटे-छोटे बच्चे, महिलाएं पीले रंग के वस्त्रों में और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ चल रही थीं, वहीं बच्चे हाथों में झंडे लहराते हुए "जय माता कर्मा" के जयकारे लगाते नजर आए।

शोभायात्रा कर्मा सामुदायिक भवन से प्रारंभ होकर बरगद चौक, बजरंग चौक, बस स्टैंड होते हुए तहसील साहू सदन नगरी पहुंची, जहां भक्त माता कर्मा की प्रतिमा की समाजजनों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। इसके बाद रैली पुनः नगर साहू समाज भवन पहुंची, जहां सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता नगर साहू समाज नगरी के अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद सभापति अलका साव, डागेश्वरी साहू, हरीश साहू, जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला साहू संघ धमतरी के उपाध्यक्ष रामगोपाल साहू, सहदेवराम साहू, जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। इसमें कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कु. देवी सार्वा (पिताः प्रकाश चंद सार्वा) और कु. लुसिका साहू (पिताः घनाराम साहू), कक्षा 12वीं में कंचन साहू (पिताः डिकेश्वर साहू) तथा स्नातकोत्तर में कु. धानी साहू (पिताः डिकेश्वर साहू) और सारंगा साहू (पिताः उमेश कुमार साहू) को समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि बलजीत छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्त माता कर्मा त्याग, सेवा, समर्पण और समाज उत्थान की प्रेरणा देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन की दिशा में आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि समाज की मांग पर उनके अध्यक्ष निधि से कर्मा भवन परिसर में किचन शेड के निर्माण के लिए राशि प्रदान की गई है। साथ ही नगर के गौरव पथ का नाम "कर्मा गौरव पथ" रखने का प्रस्ताव भी आगे रखा जाएगा।

कार्यक्रम के पश्चात तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों एवं पांघर प्रमुखों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष साहू ने किया। अंत में समाज के पदाधिकारियों ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## रामनवमी की तैयारियां शुरू, मंत्रोच्चार के साथ श्रीराम रथ की हुई पूजा

- यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से लगातार चली आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में इस वर्ष भी रामनवमी का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के तहत प्रभुश्री राम के रथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंत्रोच्चार और गंगाजल के छिड़काव के साथ रथ को शोभायात्रा के लिए तैयार करने की परंपरा निभाई गई। यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से लगातार चली आ रही है। इस वर्ष 18वीं बार भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी से पहले प्रभुश्री राम के रथ को सजाने और शुद्धिकरण के लिए गंगाजल छिड़ककर विशेष पूजा की जाती है। इस अनुष्ठान के बाद रथ को शोभायात्रा के लिए तैयार किया जाता है, जिस पर विराजमान होकर भगवान श्री राम भक्तों को दर्शन देते हैं। यह पूजा-अर्चना शहर के बनियापारा स्थित श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर के पास रखे श्री राम रथ पर की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

रामनवमी आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष शोभायात्रा बनियापारा स्थित श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर से प्रारंभ होती है। इस आयोजन में जिले भर से श्रद्धालु शामिल होते हैं। शोभायात्रा में कई आकर्षक झांकियां, धार्मिक झंडे और भक्ति गीतों की प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनती है। पूजा-अर्चना के साथ ही रामनवमी आयोजन की तैयारियां विधिवत शुरू हो चुकी हैं। आयोजन से पहले एक बैठक आयोजित कर शोभायात्रा की रूपरेखा तय की जाएगी, ताकि कार्यक्रम को भव्य और व्यवस्थित रूप दिया जा सके। समिति ने श्रीराम भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### आईटीआई कुरूद में प्रशिक्षक के लिए आवेदन 27 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत संचालित लाइट व्हीकल ड्राइवर प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षक की जरूरत है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आवेदक 27 मार्च तक अपना बायोडाटा के साथ आवेदन आईटीआई कुरूद में जमा कर सकते हैं। आवेदक को मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण तथा भारी वाहन चालक का 11 वीं कक्षा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं ड्राइवर कम मैकेनिक अथवा मैकेनिक मोटर व्हीकल कोर्स में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि उत्तीर्ण के साथ लाइट मोटर यान का वैध लाइसेंस अनिवार्य है।

## कर्मा सामुदायिक भवन सेमरा में किचन शेड निर्माण हेतु 5 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



ग्रामीण साहू समाज सेमरा के द्वारा तेली वंश की अराध्य देवी भक्त माता मां कर्मा की 1010 वीं जयंती की बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम ग्रामीण साहू समाज सेमरा के लोगों के द्वारा गांव के गलियों का भ्रमण कर भगवान श्री कृष्ण एवं माता कर्मा की झांकी के साथ धुमाल बांजे के धुन में नाचते कूदते कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। भक्त माता कर्मा जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, अध्यक्षता डॉ. सी.एल.साहू विशेष अतिथि के रूप में कविता धर्मेंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत सेमरा, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हनीफ अली जनपद सदस्य जनपद पंचायत सेमरा, संदीप देवांगन उपसरपंच ग्राम पंचायत सेमरा संजय साहू, नथलू राम साहू, हीरा लाल साहू , रामू लाल साहू ,कंवर लाल देवांगन, पवन यादव, महेश निशाद, इंदल प्रसाद साहू, लक्ष्मीनाथ साहू , गामेश साहू , पवन साहू, नेहरु राम साहू, सत्येन्द्र कुमार साहू, नीरा बाई साहू, राधिका बाई साहू, राम बाई साहू, खोमेश्वरी साहू सहित ग्रामीण साहू समाज युवा प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ तथा ग्रामीण साहू समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी लोगों के द्वारा समाज के लोंगों को एकता,भाईचारा के साथ मिलजुल कर सहयोग भावना के साथ रहने की अपील की गई।

सचिव ग्रामीण साहू समाज सेमरा के द्वारा मुख्य अतिथि से सामुदायिक भवन सेमरा किचन शेड निर्माण हेतु 5 लाख की मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ने ग्रामीण साहू समाज सेमरा को कर्मा जयंती की बधाई देते हुए कर्मा सामुदायिक भवन सेमरा किचन शेड निर्माण हेतु 5 लाख की घोषणा की।

## गणेशपुर में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





ग्राम गणेशपुर में तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गौकरण साहू जिला उपाध्यक्ष धमतरी और विशेष अतिथि के रूप में गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच ग्राम पंचायत गणेशपुर, श्रीमती रेखा निषाद उप सरपंच गणेशपुर, जीवनलाल साहू ग्राम पटेल, जगदीश साहू, परमा ध्रुव, टेकराम नंदनी कुर्रे, युवराज साहू, कैलाश निषाद, रामायण समिति के अध्यक्ष डॉ ललित कुमार निषाद, उपाध्यक्ष लीला राम साहू, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, संगठन मंत्री जीवनलाल साहू, सह संगठन मंत्री जगन्नाथ ध्रुव, महामंत्री जवाहरलाल वर्मा, बृजेश साहू, कुशल निषाद, लाल निषाद, गुलाब राजू निषाद, कामता प्रसाद दुबे, सुधा दुबे, तेजेश्वर साहू , देवानंद ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष शालिक ध्रुव, भूपेंद्र साहू, नंद कुमार निषाद, अनिल सोनी, सूरजेराम साहू, शिवकुमार, गरीबाराम साहू, हरिराम, गेंदुराम, गोपाल विश्वकर्मा, राधेश्याम सोनवानी, मिथिलेश पुरी गोस्वामी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि गौवकरण साहू ने कहा की आज महिला दिवस दिवस का कार्यक्रम पूरे भारत देश में मना रहा है और देश की संस्कृति एवं विरासत को बचाए रखने में नारी शक्ति का विशेष योगदान रहा है और विभिन्न सरकार के कल्याणकारी योजना के माध्यम से नारी शक्ति को नया रूप देकर धर्म और संस्कृति की रक्षा करने के लिए वचनबद्ध है। सरकार द्वारा चलाए गए बहुत सारी योजना को नारी कल्याण की दिशा में और गांव में धर्म धार्मिक कार्य रामायण भागवत गीता सत्संग का कार्यक्रम होते रहने से ही युवाओं में और बच्चों में संस्कृति का निर्माण होगा। अध्यक्षता कर रहे हैं समिति के अध्यक्ष डॉ ललित कुमार निषाद ने कहा जब तक गांव में संगठन रहेगा तब तक धार्मिक कार्यक्रम एवं सत्संग कार्यक्रम होता रहेगा इससे निश्चित ही संस्कार का विकास होता रहेगा। संगठन मंत्री जगन्नाथ ध्रुव ने कहा हम जब तक ऐसी धार्मिक कार्यक्रम नहीं करेंगे तब तक समाज में हो रहे बुराइयों रोक नहीं सकते इसलिए युवाओं के साथ बुजुर्गों का सहयोग लेने की जरूरत है और आज के समय में बच्चों में हो रहे विभिन्न प्रकार के बुराइयों से लड़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

### मानस गान प्रतियोगिता में यह मडंलिया रही विजयी

महिला वर्ग में प्रथम मंगल माधुरी महिला मानस परिवार खुरमी चिखली, द्वितीय समर्पण महिला मानस परिवार धरमपुरा रायपुर, तृतीय श्री प्रतिभा बस्तरहिन महिला मानस परिवार हाराडुला, चतुर्थ जय जग जननी महिला मानस मंडली बठेना धमतरी इसी तरह पुरुष वर्ग में प्रथम विश्व कल्याण मानस मंडली कन्हारपुरी, द्वितीय राम रस मानस परिवार फरसगांव कोंडागांव, तृतीय पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, चतुर्थ शोर संदेश मानस परिवार खैरझिटी महासमुंद विजय रहे।

## गौधाम योजना से गौवंश संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा : अंगिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आतिथ्य में गुरु घासीदास केंद्रीय विद्यालय कोनी में जिला बिलासपुर में गौधाम योजना शुभारंभ किया गया जिसका सीधा प्रसारण वर्चुअल के माध्यम से पूरे प्रदेश में किया गया । जिला पंचायत धमतरी के सभागार में गौधाम योजना के शुभारंभ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की यह योजना गौवंश संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि गौधाम योजना से गांवों में गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और सड़कों तथा खेतों में घूमने वाले पशुओं को सुरक्षित स्थान मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण विकास और पशुधन संरक्षण के लिए लगातार नई योजनाएं लागू कर रही है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू , चंद्रकला साहू, जिला प्रशासन के अधिकारी गण एवं पशुधन विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था नगरी ने किया आयोजन

## नगरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था नगरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रमुख राजयोगिनी भावना के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी की सभापति प्रेमलता नागवंशी रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, सावित्रीबाई फुले और अहिल्याबाई होलकर के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान महिलाओं ने अपने साहस और कार्यों से समाज को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पंच से लेकर सांसद तक महिलाएं जनप्रतिनिधि बनकर अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं। प्रशासनिक सेवाओं में भी महिलाएं कलेक्टर, एसपी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रामटेके मैडम, शकुन कश्यप, अलका गएपाल, सुनीता सूर्यवंशी, डॉ. तारिणी साहू और ध्रुव गोंड समाज की महिला अध्यक्ष शैल ध्रुव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर तेजस्विनी साहू, झरना साहू, निशा बहन, भूमिका साहू, तारकेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में राजयोगिनी भावना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने विद्यालय की सीख याद रखने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में कक्षा सप्तम के छात्रों द्वारा कक्षा अष्टम के छात्रों को 14 मार्च को विदाई देने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष डा. दुलारु राम साहू, विशेष अतिथि पेशन लाल दाऊ, दुर्जन राम सोनगेर, अन्य अतिथि में हरेन्द्र साहू शिक्षक, राम गोपाल साहू, डीमेन्द्र पटेल प्रधानाचार्य, विद्यालय के सभी आचार्य, छात्र उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर प्रार्थना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आचार्य उदबोधन के बाद बच्चों का अनुभव कथन प्रस्तुत किया गया। अतिथि उदबोधन में कहा कि श्री साहू ने कहा कि बच्चे विद्यालय में जो कुछ भी सीखे है, उसे भूलना नही है। आगे बढ़कर अपने माता, पिता, गुरु तथा समाज का नाम रोशन करना है। अंत मे आठवीं के छात्रों को सम्मान स्वरुप भेट दिया गया।

## खबर संक्षेप



### सिलेंडर लेने लग रही लंबी कतार

**फरसगांव।** नगर के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी और गोदाम में रविवार को उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लग रही है। अचानक बढ़ी मांग के कारण एजेंसी में असामान्य भीड़ की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते इज़राइल-ईरान युद्ध को लेकर चल रही खबरों के बाद लोगों में गैस सिलेंडर की कमी की आशंका को लेकर पैनिक की स्थिति बन गई है। इसी कारण कई उपभोक्ता एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। फरसगांव के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी के कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि अफवाहों के कारण लोग अनावश्यक रूप से घबराकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। जिससे एजेंसी में भीड़ भाड़ की स्तिथ बन रही है। एजेंसी द्वारा लिमिट और नए नियमों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता को सिलेंडर वितरण कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि घबराने या अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### विकास नगर स्टेडियम में पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कोण्डागांव।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा प्रत्येक रविवार को चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को विकास नगर स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने मिलकर स्टेडियम परिसर में झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्टेडियम परिसर को साफ करने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

सूचना पर पहुंचे अधिकारी, कार्रवाई से पहले बोर खनन छोड़ फरार हुए बोर गाड़ी वाले

# वार्ड के सरकारी सीसी रोड पर कराया जा रहा था बोर खनन

- वार्ड क्रमांक 6 में सड़क किनारे बोर खनन का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 6 स्थित एक मोहल्ले में सोमवार देर शाम सार्वजनिक सीसी रोड पर बोर खनन किए जाने का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के सामने पानी की समस्या को देखते हुए बोरिंग मशीन लगाकर बोर खनन का कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान आसपास के कई मोहल्लेवासी भी मौके पर मौजूद रहे।

बताया जाता है कि बोर खनन के दौरान सड़क किनारे गहराई तक खुदाई की जा रही थी, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। मामले की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और संबंधित व्यक्ति को सार्वजनिक सड़क पर बोर खनन कार्य बंद करने के लिए समझाइश दी।

इसके बाद मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी गई, जिस पर पटवारी एवं पुलिस प्रशासन की टीम भी मौके के लिए रवाना हुई। हालांकि अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही बोर खनन में लगी मशीन वाले वहां से भाग निकले और कार्य अधूरा ही छोड़ दिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक सड़क या शासकीय भूमि पर इस प्रकार का कार्य करना गैर कानूनी है। इसके पहले भी कुछ दिनों पूर्व शासकीय जगहों पर निजी व्यक्ति के द्वारा बोर खनन कराया गया है। वह भी लोगों के बीच पर चर्चा का विषय बना हुआ है। विभाग द्वारा किसी भी प्रकार के कार्यवाही नहीं किया जा रहा है जिसके चलते ही लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के पटवारी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को समझाइश दी गई है तथा उसे खोदे गए स्थान को भरने के लिए कहा गया है। साथ ही बोर खनन से जुड़े लोगों को नगर पंचायत के माध्यम से नोटिस जारी कर नियमानुसार आगे की कार्वाई किए जाने की बात भी कही गई है। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ने भी कहा कि नगर के सीसी रोड को क्षति पहुंचाने के मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और बोर खनन मशीन के मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्वाई की जाएगी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में गूंजा नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय आईटीआई कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा ग्राम जी. जामगांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, देशभक्ति तथा सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विशेष रूप से नशा मुक्ति अभियान एवं "महिला कमांडो" विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति को उपस्थित ग्रामीणों ने काफी सराहा।

इस अवसर पर प्राचार्य योगेश देवांगन ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि NSS युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। उन्होंने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज के लिए एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

वहीं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक संतराम साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चमन लाल पाल ने संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में ग्राम के प्रमुख नागरिकों एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच देवचरण चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू, ग्राम के प्रमुख नागरिकों तथा आईटीआई कुरूद के प्रशिक्षण अधिकारियों एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

## संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति से रूबरू होंगे कार्यकर्ता



- पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी पर भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो अपने कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण देकर राष्ट्रभक्ति, सेवा भावना और स्वच्छ राजनीति के मूल्यों से जोड़ने का कार्य करता है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, जनसेवा के संस्कार तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित किया जाता है।

बैठक में यह भी कहा गया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित और जागरूक होना आवश्यक है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित, राकेश साहू, ठाकुर शशि पवार ने प्रशिक्षण महाभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, रोहिताश मिश्रा, हेमंत चंद्राकर, शुभम जायसवाल, अमन राव, गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, दमयंती साहू, आयुष दीवान, कोमल देवांगन, अविनाश दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।

# सांकरा में भक्तमाता कर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा





ग्राम सांकरा में साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्तमाता कर्मा जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण साहू समाज सांकरा के अध्यक्ष झाड़ू राम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में सभापति एवं जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच नागेंद्र बोरझा तथा उपसरपंच हरीश साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा तहसील साहू समाज नगरी के उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, सहसचिव लव कुमार साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जन्मजय साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष हेमलता साहू, परिक्षेत्र सांकरा के पूर्व अध्यक्ष हेमलाल साहू, तहसील नगरी के पूर्व अंकेक्षक अजब सिंह साहू, ग्रामसभा अध्यक्ष सत्ती मरकाम, जीवन लाल साहू, दीपक साहू सहित साहू समाज के अनेक सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। साथ ही परिवार के बड़े-बुजुर्ग और माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें अच्छे और बुरे का अंतर समझाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि समाज के लोगों को आपस में संवाद और मार्गदर्शन बनाए रखना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी को सही दिशा मिल सके और समाज निरंतर प्रगति की ओर बढ़े। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत शिरोमणि भक्तमाता कर्मा को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए समाज की एकता, विकास और प्रगति के लिए संकल्प लिया।

## 'भक्ति, भक्त, भाव, भावना की शाश्वत प्रतिमूर्ति हैं मां कर्मा'



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर विभिन्न ग्रामों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश शर्मा ने माता कर्मा की पूजा-अर्चना, कलश यात्रा और आरती में शामिल होकर उनके जीवन को भक्ति, भाव और समर्पण की शाश्वत प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि माता कर्मा भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण हैं। मान्यता है कि उनके हाथों से बनी खिचड़ी को भगवान कृष्ण स्वयं आकर ग्रहण करते थे, जो भक्त और भगवान के मिलन की अनूठी मिसाल है।

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सनातन संस्कृति, एकता और आपसी प्रेम को मजबूत करते हैं। उन्होंने माता कर्मा जयंती को साधना, आराधना और पूजा के रूप में घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्षदगण, समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# सिहावा विधानसभा में एनएसयूआई का होली मिलन समारोह संपन्न

- एकजुटता और भाईचारे के साथ छात्र हितों के संघर्ष का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



एनएसयूआई सिहावा विधानसभा द्वारा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन बिरगुड़ी विश्राम गृह में किया गया। कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष अरविन्द यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस बेलर अध्यक्ष राजू सोम, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, बिरगुड़ी सरपंच अमृत नाग एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीणा बंजारे उपस्थित रहे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि होली का यह त्यौहार हमारे बीच की एकजुटता को और मजबूत करता है। एनएसयूआई के कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत हैं। सिहावा विधानसभा में छात्रों का यह उत्साह बताता है कि आने वाले समय में युवा शक्ति बड़े बदलाव के लिए तैयार है।

डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा की छात्रों के बीच पहुँचकर हमेशा नई ऊर्जा मिलती है। होली भाईचारे का प्रतीक है, और मुझे खुशी है कि एनएसयूआई के युवा साथी न केवल राजनीति बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

राजा देवांगन जिलाध्यक्ष ने कहा कि सिहावा विधानसभा की यह संगठनात्मक मजबूती हमारे संघर्ष की नींव है। होली मिलन के माध्यम से हमने संकल्प लिया है कि हम रंगों की तरह मिलकर रहेंगे और छात्र हितों की लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। छात्रों की समस्या, हमारी आवाज़ हमेशा बुलंद रहेगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राहुल साहू, विनय गंगबेर, ओमप्रकाश मानिकपुरी, उदय साहू, सौरभ पाल, यश चंद्राकर, तामेश्वर भोयर, चैतन्य साहू, विक्की देवांगन, लकेश्वर साहू, वेंकट देवांगन, सूर्यकांत पटेल, राकेश नेताम, विवेक बंजारे, चंद्रकांत बनर्जी, सोमेश, पप्पू सेन सहित सिहावा विधानसभा के सैकड़ों एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई।

## कांग्रेस ने विधानसभा घेराव के लिए सौंपी जिम्मेदारी



- प्रदेश महामंत्री सकलेन कामदार ने कांग्रेस भवन में ली पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आगामी 17 मार्च को आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव को लेकर प्रदेश महामंत्री एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक सकलेन कामदार ने राजीव भवन में जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर की अध्यक्षता में वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। श्री कामदार ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम एवं प्रदेश के विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिला अध्यक्ष तारिणी ने बताया कि बैठक में विधानसभा घेराव एवं बूथ कांग्रेस कमेटी गठन के संबंध में आवश्यक चर्चा हुई।

विधानसभा घेराव को लेकर जिले के वरिष्ठ नेताओं, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। मौके पर पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, हर्षद मेहता, कुरुद प्रभारी युगल पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, नीलम चंद्राकर, महामंत्री आलोक जाधव, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंबिका सिन्हा, शास्त्री सोनवानी, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, उदित नारायण साहू, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिर्री में धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





- कलशयात्रा के साथ निकाली शोभायात्रा

ग्राम सिर्री में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त ग्रामीण साहू समाज सिर्री के तत्वावधान में 15 मार्च को मां कर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह मां कर्मा की पूजन आरती की गई। सुबह 11 बजे साहू समाज की महिलाओं, पुरुषों बच्चों द्वारा पीले रंग के वस्त्र और ध्वज धारण कर कलश यात्रा और शोभायात्रा निकाली गई और गांव की गलियों में भ्रमण किया। पश्चात मंचीय कार्यक्रम मां कर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जयराम साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज सिर्री शामिल हुए। अध्यक्षता संजीव साहू अध्यक्ष साहू समाज ने की। विशेष अतिथि के रूप में रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री, तुलाराम साहू, शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज, नेकराम पटेल, रोहित कुमार निर्मलकर, घनश्याम साहू, रमेश साहू, कन्हैया लाल साहू, अरुण विश्वकर्मा, पामेश देवांगन भी शामिल हुए। इस मौके पर साहू समाज की छोटे बच्चों में पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रदर्शन भी किया और तालियां बटोरी।

कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन भूपेंद्र साहू , तोशल साहू के द्वारा की गई। मां कर्मा जयंती कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष गुहा राम साहू, उपाध्यक्ष योगेश साहू, सचिव वेदप्रकाश साहू, सहसचिव गजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष तोशल साहू, उप कोषाध्यक्ष दीपक साहू, नीलम साहू, नैनसिंग साहू, संतोष साहू, राधेरमण साहू के साथ ही अन्य सामाजिक जनों का सहयोग रहा। साथ ही ग्रामीण साहू समाज के संरक्षकगण सालिक राम साहू, पीला राम साहू, घनश्याम साहू, देवसिंग साहू सहित उपाध्यक्ष ठाकुर राम साहू, सचिव नीलम कुमार साहू, सहसचिव खिलेश साहू, कोषाध्यक्ष हरिनारायण साहू, हेमंत साहू, महिला प्रकोष्ठ से झामिन साहू, परमेश्वरी साहू, ईश्वरी साहू, कौशिल्या साहू, उषा साहू, चंद्रकला साहू, सेवती साहू के विशेष सहयोग के साथ ही उपस्थिति रही। अंत में सभी उपस्थित जनों को खीर, पूड़ी, खिचड़ी की प्रसाद बांटी गई।

# 129319 प्रकरणों में 88730487 रुपए का हुआ सेटलमेंट

- नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रामकुमार तिवारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय धमतरी एवं बाह्य न्यायालय कुरूद एवं नगरी तथा राजस्व न्यायालयों में 14 मार्च को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से दांडिक प्रकरण के 24 मामले, श्रम न्यायालय के 8 मामले में 79000 रू., मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के 11 मामले में 9130000 रू., परिवार न्यायालय के 12 मामले, धारा 138 एन.आई.एक्ट के 7 मामले में 1193725 रू., सिविल के 4 मामले में 53943 रू., पीटि अफेन्स के 590 मामले में 156000 रू., ट्रेफिक चालान के 1430 मामले में 376100 रू. कुल 2086 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 11212768 रू. का सेटलमेंट किया गया। साथ ही प्रीलिटिगेशन एवं राजस्व न्यायालयों के 127233 प्रकरणों में 77517719 रू. का सेटलमेंट किया गया।

कुल 129319 प्रकरणों में 88730487 रू. का सेटलमेंट किया गया। इस आयोजन में न्यायाधीशगण, सभी राजस्व न्यायालयों के अधिकारी, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, राजस्व एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने पर जोर



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की दूरदर्शी पहल से जिले में मोटे अनाजों की खेती को नई पहचान मिल रही है। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए अब रागी (मडिया) की खेती में भी नवाचार की शुरुआत की गई है, जिससे किसान आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिले के कृषि इतिहास में पहली बार लगभग 300 प्रगतिशील किसानों द्वारा उन्नत 'श्री विधि' के माध्यम से रागी की बुवाई और खेती की जा रही है। यह पहल रागी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में पोषक अनाजों की खेती को भी प्रोत्साहित कर रही है। रागी अपनी उच्च पोषण गुणवत्ता, विशेषकर कैल्शियम और आयरन की प्रचुरता के कारण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

### पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त जारी

**बीजापुर।** किसानों को आर्थिक मजबूती देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। इस अवसर पर बीजापुर जिले के 16,692 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 3.38 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को हर वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में प्रदान की जाती है, जिससे किसानों को खेती से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

### विद्यार्थियों ने व्यवहार न्यायालय में देखी न्यायालयीन प्रक्रिया

**धनोरा।** ब्लॉक अंतर्गत जिला कोंडागांव के जनपद प्राथमिक, माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को केशकाल अंतर्गत विभिन्न स्थलों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने केशकाल स्थित व्यवहार न्यायालय का भ्रमण किया। बच्चों ने न्यायालयीन प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से देखा और जाना। इसके बाद बच्चों को इको टूरिज्म पर्यटन स्थल टाटामारी एवं पंचवटी का भ्रमण कराया भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति की सुंदरता को करीब से निहारा और वहां पर स्थित झूलों एवं स्वल्पाहार का आनंद लिया। दिन के अंत मे विद्यार्थियों ने पुरातात्विक स्थल गोबरहीन गढ़धनोरा का भ्रमण किया जहां स्थित सातवीं-आठवीं शताब्दी में खुदाई हुए पुरातात्विक नलवंशी के विभिन्न मूर्तियों को देखा एवं स्थानीयों के द्वारा सन-1989 में खुदाई हुए 7 फिट भगवान विष्णु की प्रतिमा जिसे जगदलपुर स्थित संग्रहालय में संरक्षित रखा गया है। इससे संबंधित रोचक ऐतिहासिक जानकारी बच्चों दी गयी एवं वहां स्थित शिवलिंग पर पूजा अर्चना की गई।

विंध्यवासिनी मंदिर से निकली शोभायात्रा, कर्मा चौक में हुई भव्य आरती

# भक्त माता कर्मा जयंती पर आस्था का सैलाब, मां कर्मा की जय से गूंजा नगर





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी अंचल में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गोकुलपुर स्थित कर्मा चौक में मां कर्मा की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण भी किया गया।

तहसील साहू समाज शहर के तत्वावधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बांसपारा स्थित साहू छात्रावास पहुंची। शोभायात्रा के पूर्व साहू छात्रावास स्थित कर्मा मंदिर में भी पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में समाज के युवा, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जय माता कर्मा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने माता कर्मा के जीवन, उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि माता कर्मा त्याग, सेवा और समाज को एकजुट करने की प्रेरणा देती हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। वहीं पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि कर्मा जयंती हमें कर्म, सेवा और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देती है तथा माता कर्मा की भक्ति से जीवन में सदाचार और सकारात्मकता का संचार होता है।

इस अवसर पर जिला साहू संघ अध्यक्ष गणेश राम साहू, महासचिव विजय साहू, डॉ. एके गजपाल, डॉ. एनपी गुप्ता, लक्ष्मी नारायण साहू, डॉ.गणेश प्रसाद साहू, डॉ. मंजूषा साहू, हिरेंद्र साहू, गजानन साहू, कमलेश कांत साहू, महेश साहू, कृष्णा साहू, जनक साहू, नारायण साहू, अनिल साहू, जय साहू, रामशिला साहू, असमत साहू, गौतम साहू, विजय गौतम साहू, राजकुमार साहू, चंद्रिका साहू, गोपाल साहू, डामिन साहू सहित गोकुलपुर परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी, समाजजन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा का सिंधी समाज ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

धमतरी में साहू समाज द्वारा निकाली गई भक्त माता कर्मा जयंती की शोभायात्रा का सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल मार्केट, गोल बाजार के पास पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सिंधी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर साहू समाज के लोगों का अभिनंदन किया तथा सभी को कर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं।



## डायमंड ध्रुव का सर्व आदिवासी समाज ने किया सम्मान



- आदिवासी युवा की सफलता पूरे आदिवासी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धि : जीवराखन मरई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम परसवानी विकासखंड मगरलोड जिला धमतरी के निवासी डायमंड सिंह ध्रुव ने देश के सबसे प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल किया। अखिल भारतीय स्तर पर 623 वीं रैंक प्राप्त किया है एवं संभावना है कि उनको आईपीएस कैडर मिल सकता है। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ पीएससी के माध्यम से डीएसपी पद पर भी उनका चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे जिले सहित पूरे प्रदेश के आदिवासी समाज एवं गोंड़ समाज में खुशी का माहौल है। आज दिनांक 15 मार्च को सर्व आदिवासी समाज धमतरी आदिवासी ध्रुव गोंड समाज एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर एवं अजजा शासकीय सेवक संघ जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम के नेतृत्व में उनके गृह ग्राम परसवानी में निज निवास में उपस्थित होकर समाज जनों एवं शासकीय सेवकों तथा परिजनों की उपस्थिति में हार, पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जीवराखन मरई ने कम उम्र के आदिवासी युवा के यूपीएससी परीक्षा में सफलता को पूरे आदिवासी समाज के लिए ऐतिहासिक गौरव बताया। उपस्थित पदाधिकारियों ने नव चयनित यूपीएससी अधिकारी से उनकी तैयारी, उनकी प्रेरणा, उनके सफलता के रहस्य के बारे में उनके अनुभव भी प्राप्त किए। उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा डायमंड ध्रुव तथा उनके परिजनों को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर सामाजिक एवं कर्मचारी संगठन पदाधिकारी गण महासचिव उदय नेताम, नगर निगम के राजस्व सभापति श्यामलाल नेताम, अजजा संघ जिला महासचिव दौलत राम ध्रुव, धमतरी तहसील कार्यकारी अध्यक्ष राहुल नेताम, महासचिव गौतम पोटाई पदाधिकारी गण कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, टीकम ध्रुव, मगरलोड अजजा संघ अध्यक्ष रोहित दीवान, संजय ध्रुव सहित पदाधिकारीगण एवं परिजन उपस्थित थे।

## चैत्र नवरात्रि पर संबलपुर में होगा माँ कामाख्या देवी साधना अनुष्ठान

- श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिपदा से नवमी तक विशेष पूजन, साधना शिविर, कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ज्ञानेश्वर महाराज



मानवता के कल्याण, आध्यात्मिक जागृति और राष्ट्र की समृद्धि के उद्देश्य से श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति संबलपुर के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि (संवत 2083) के पावन अवसर पर भव्य "माँ कामाख्या देवी साधना एवं अनुष्ठान शिविर" का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संबलपुर, धमतरी में संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालुओं और साधकों को माँ कामाख्या की साधना से जुड़ने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा।

समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता ने हरिभूमि को बताया कि कामाख्या साधना तंत्र और शक्ति पूजा सर्वोच्च साधनाओं में से एक मानी जाती है। चैत्र नवरात्रि के दौरान प्रकृति के परिवर्तन काल में यह साधना अत्यंत फलदायी होती है। यह अनुष्ठान प्रख्यात ज्योतिषविद एवं समिति के प्रेरणास्त्रोत ज्ञानेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न होगा।

आयोजन के दौरान असम स्थित माँ कामाख्या सिद्ध पीठ की परंपराओं के अनुरूप प्रतिपदा से नवमी तक विशेष अर्चना एवं तांत्रिक पद्धति से सात्विक पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन, कलश स्थापना तथा साधकों के लिए विशेष साधना सत्र आयोजित किए जाएंगे। महाअष्टमी और महानवमी के अवसर पर विशाल कन्या पूजन एवं महाप्रसाद (भंडारा) का भी आयोजन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष महावीर सिन्हा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है और माँ कामाख्या की साधना से क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की जायेगी। कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और समिति के सभी पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

इस आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक दुर्गेश नंदनी यादव एवं संरक्षक अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिन्हा व प्रमोद शर्मा, सचिव बरखा साहू, सहसचिव नीरज सोनी, कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, उपकोषाध्यक्ष ममता पटेल, कार्यक्रम संयोजक दीपिका देवांगन, सलाहकार पुलकित सिन्हा तथा मीडिया प्रभारी डुमन लाल ध्रुव व विकास साहू सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति संबलपुर ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर आयोजित माँ कामाख्या साधना अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पुण्य

### बकली में पांचवी के छात्रों को दी गई विदाई

**सिर्री।** भारत माता विद्यालय बकली में कक्षा पांचवी के छात्रों को कक्षा चौथी के छात्रों के द्वारा विदाई दी गई। छात्रों द्वारा गीत कविता, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कक्षा पांचवी के छात्रों ने भी शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय को प्रतीक चिन्ह के रूप में एक टेबल प्रदान की गई। विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षकों द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में कक्षा पांचवी के छात्रों को तख्ती प्रदान की गई। विद्यालय के प्राचार्य कुलेश पटेल, लता पटेल, खिलेश्वरी, रेशमा, हेमलता और त्रिभुवन कौशिक ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण 16 से

**धमतरी।** किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी द्वारा मधुमक्खी पालन विषय पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 से 21 मार्च तक कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के किसानों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों, मधुमक्खियों के प्रबंधन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन से अतिरिक्त आय अर्जित करने के व्यावहारिक तरीके भी बताए जाएंगे।

## राजधानी के चेट्रीचंड्र महोत्सव में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में महापौर रामू रोहरा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत रायपुर द्वारा चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर आयोजित "सिन्धियत जो मेलो" कार्यक्रम में समाज सेवा और जनहित के कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

रायपुर के छेदीखेड़ी स्थित ललित महल में आयोजित समारोह में धमतरी के महापौर रामू रोहरा मंचासीन रहे। इस दौरान सिंधी समाज की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि महापौर रामू रोहरा लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिसके लिए समाज की ओर से उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि सिंधी समाज को अपनी सेवा भावना, परोपकार और सांस्कृतिक परंपराओं के लिए देशभर में जाना जाता है। चेट्रीचंड्र का पर्व समाज को एकता, भाईचारे और संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज की निष्ठावान और समर्पित भावना से ही सेवा कार्यों की परंपरा आगे बढ़ती है। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने चेट्रीचंड्र महोत्सव की खुशियां मनाते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सिंधी संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली।

### धमतरी की खिलाड़ी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो में दिखाएगी दम



**धमतरी।** शहर के इतवारी बाजार स्थित व्योम मार्शल आर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी यामिनी मीनपाल (पिता राजकुमार मीनपाल) ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता उड़ीसा के फकीर मोहन यूनिवर्सिटी में 16-03-26 से 20-03-26 तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अकादमी के कोच लोकेश साहू ने बताया कि यामिनी मीनपाल लंबे समय से नियमित रूप से कठिन अभ्यास कर रही है और इंटर कॉलेज स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना खिलाड़ी और जिले के लिए गर्व की बात है। अकादमी के प्रशिक्षक दुर्गेश पटेल, लेखराज साहू, वीरेंद्र मीनपाल और अभिभावकों ने भी शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की कामना की।

## हत्या और अस्पताल में लापरवाही के विरोध में आदिवासी समाज देगा ज्ञापन

- 17 मार्च को लगभग 200 सामाजिकजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर करेंगे कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बांसपारा वार्ड धमतरी निवासी प्रिंस नेताम पिता विष्णु नेताम की हत्या के विरोध में आदिवासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में रविवार 15 मार्च 2026 को आदिवासी समाज की बैठक आयोजित कर घटना की निंदा की गई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

बैठक में बताया गया कि 10 मार्च 2026 को एक सेलून दुकान में दुर्गेश नेताम पिता विष्णु नेताम पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। उपचार के दौरान 11 मार्च को उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से समाज के लोगों में भारी रोष है। समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आदिवासी समाज के लगभग 200 सामाजिकजन 17 मार्च 2026, मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो आदिवासी समाज द्वारा धरना और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला पुलिस प्रशासन की होगी।

बैठक में एक अन्य मामले को भी उठाया गया। कोंडागांव जिले के खोपाबेड़ा निवासी 20 वर्षीय दसमती नेताम, जो राइस मिल में दुर्घटना के बाद इलाज के लिए धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती थी, उसके द्वारा अस्पताल में फांसी लगाए जाने की घटना पर भी चिंता व्यक्त की गई। सामाजिकजनों ने इसे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही बताते हुए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की। बैठक में जीवराखन मरई, शिव नेताम, श्यामलाल नेताम, लेखराम नेताम, प्रदीप ध्रुव, ईश्वरी नेताम, चंद्रकला नेताम, प्रेमलता नेताम, शांति ध्रुव, भाविका ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, दिव्या कतलम सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

### ब्राम्हण समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया।













